Investors may contact the Registrar to the Issue or Company Secretary and Compliance Officer for any pre Issue/post-Issue related matters such as non-receipt of letter of Allotment, credit of Rights Equity Shares or Refund Orders and such other matters. All the grievances relating to the ASBA Process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSBs (in case of ASBA Process), giving full details such as name and address of the applicant, contact numbers, e-mail address of the sole/first holder, folio no. or demat account number, the number of rights equity shares applied for, amount blocked (in case of ASBA Process), ASBA account number and the designated branch of the SCSBs where the application form or the plain paper advertisement, as the case may be, was submitted by the investor along with a photocopy of the acknowledgement slip (in case of ASBA Process),. For details on the ASBA Process see "Terms of the Issue" on page 226 of the LoF.

**For SWISS MILITARY CONSUMER GOODS LIMITED**
**Sd/-**
**(VIKAS JAIN)**
**Company Secretary and Compliance officer**

**Date: September 22, 2024**
**Place: New Delhi**

# सरकारी उद्यमों में लैटरल एंट्री जारी

रुचिका चित्रवंशी
नई दिल्ली, 22 सितंबर



**सरकार** में लैटरल एंट्री रोक दी गई है, लेकिन सार्वजनिक उद्यम भर्ती बोर्ड (पीईएसबी) निजी क्षेत्र के लोगों को केंद्र के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में वरिष्ठ पद पर भर्ती करना जारी रख सकता है।

फर्टिलाइजर्स ऐंड केमिकल्स, त्रावणकोर के चेयरमैन और प्रबंध निदेश के लिए हाल में आए विज्ञापन में निजी क्षेत्र की कंपनियों में काम करने वाले लोगों को भी आवेदन करने की अनुमति दी गई है, जो 1,500 करोड़ रुपये या इससे ज्यादा कारोबार करने वाली कंपनियों में काम कर रहे हों। लेकिन उन्हें नौकरी के अन्य मानदंड भी पूरे करने होंगे।

पिछले 1 साल से ज्यादा समय से पीईएसबी ने टैलेंट पूल का विस्तार करने के लिए कदम उठाए हैं, जिनके माध्यम से वह उम्मीदवारों का चयन करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थानों, स्वायत्त निकायों और सरकारी बैंकों के आवेदकों को अनुमति देता है। इसने विभिन्न पदों के लिए जरूरी योग्यताओं का मानकीकरण किया है। उदाहरण के लिए डायरेक्टर (फाइनैंस) पद के लिए व्यक्ति निश्चित रूप से चार्टर्ड या कॉस्ट अकाउंटेंट, या पूर्णकालिक एमबीए या वित्त में विशेषज्ञता के साथ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा होना चाहिए।

क्षमता विकास आयोग के साथ मिलकर बोर्ड ने निजी क्षेत्र की कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को महारत्न फर्मों के प्रमुखों को चिह्नित करने के लिए उनकी रणनीति साझा करने को आमंत्रित किया था। इसका मकसद उद्यमों को अपने मानव संसाधन व्यवस्था के भीतर उत्तराधिकारी तैयार करने की योजना बनाने के लिए प्रेरित करना था। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'दोनों कंपनियों का अपने मानव संसाधन के प्रबंधन और उत्तराधिकारी के चयन को लेकर बेहतरीन तरीका विकसित है। इस कवायद के बाद सभी महारत्न कंपनियों ने संभावित प्रमुखों की पहचान करने की अपनी रणनीति तैयार की है।'

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मिनी रत्न कंपनियां भी इसी तरह की कवायद कर रही हैं।

इसका मतलब यह है कि कंपनियां अपने कर्मचारी का समयबद्ध तरीके से प्रमोशन करेंगी और उन्हें अन्य चीजों के साथ विशेषज्ञता और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेंगी।

उदाहरण के लिए बोर्ड ने प्रत्येक पद के लिए 12 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया। इनमें 5 अभ्यर्थी आंतरिक संगठन के हो सकते हैं।

अधिकारी ने कहा, 'अक्सर यह पाया गया है कि वेतनमान, एक्सपोजर आदि के हिसाब से आंतरिक अभ्यर्थी पर्याप्त नहीं होते हैं। चेयरमैन और प्रबंध निदेशक को डायरेक्टर के रूप में कार्यभार मिलना चाहिए, लेकन समय से प्रमोशन के बगैर ऐसा नहीं हो सकता।' बहरहाल इससे निपटने के लिए बोर्ड ने संभावित अभ्यर्थियों की सूची बनाते समय ज्यादा संख्या में बाहरी अभ्यर्थियों को बुलाने की नीति अपनाई है, अगर आंतरिक अभ्यर्थी पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए टैलेंट पूल को व्यापक किया गया है।

अधिकारी ने कहा, 'भर्तियों में ज्यादा पारदर्शिता है। सीपीएसई के लिए बेहतर प्रतिभा पाने को लेकर सरकार में स्पष्टता है। अगर कोई सीपीएसई हमारी मानकीकृत प्रक्रिया से सहमत नहीं होती है तो वह सीधे कैबिनेट की नियुक्ति समिति से संपर्क कर सकती है।'

*This is only an advertisement for information purpose and not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India, not for release in the United States. This is not an announcement for the Offer Document. All the capitalized terms used and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer dated July 25, 2024 (the "Letter of Offer" or "LoF") filed with BSE Limited*

SWISS MILITARY

**SWISS MILITARY CONSUMER GOODS LIMITED**

Swiss Military Consumer Goods Limited was originally incorporated as "Network India Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956, vide certificate of incorporation issued on January 25, 1989, by the Registrar of Companies, Delhi & Haryana. Subsequently, the certificate of commencement of business was granted to our Company on January 09, 1990, by the Registrar of Companies, Delhi & Haryana. Thereafter, the name of our Company was changed from "Network India Limited" to "Network Limited" and a fresh certificate of incorporation consequent upon change of name was issued by the Registrar of Companies, Delhi & Haryana on November 09, 1990. The name of our Company was changed to its present name "Swiss Military Consumer Goods Limited" and a fresh certificate of incorporation consequent upon change of name was issued by the Registrar of Companies, Delhi on December 03, 2020. For details of changes in the name and registered office of our Company, see "General Information" on page 30 of the LoF.

**Corporate Identity Number:** L51100DL1989PLC034797
**Registered & Corporate Office:** W-39, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi 110020
**Telephone:** +91-11- 41067060;
**Contact Person:** Mr. Vikas Jain, Company Secretary and Compliance Officer
**Email:** cs@swissmilitaryshop.com; **Website:** www.swissmilitaryshop.com

**BASIS OF ALLOTMENT**

**OUR PROMOTERS: MR. ANUJ SAWHNEY, MRS. ASHITA SAWHNEY, M/S ANUSHI RETAIL LLP, M/S SWISS MILITARY LIFESTYLE PRODUCTS PRIVATE LIMITED AND ASHOK SAWHNEY FOUNDATION**

**ISSUE OF UP TO 3,93,18,798 (THREE CRORE NINETY THREE LAKHS EIGHTEEN THOUSAND SEVEN HUNDRED AND NINETY EIGHT ONLY) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF RS. 2/- (RUPEES TWO ONLY) EACH ("RIGHTS EQUITY SHARES") OF OUR COMPANY FOR CASH AT A PRICE OF RS. 12.50/- (RUPEES TWELVE AND PAISA FIVE ZERO ONLY) (INCLUDING PREMIUM OF RS. 2.50/- (RUPEES TWO AND PAISA FIVE ZERO ONLY)) EACH PER RIGHTS EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") FOR AN AGGREGATE AMOUNT UP TO RS. 49.15 CRORES (RUPEES FORTY NINE POINT ONE FIVE CRORES ONLY) ON A RIGHTS BASIS TO THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS OF SWISS MILITARY CONSUMER GOODS LIMITED IN THE RATIO OF 1 (ONE) RIGHTS EQUITY SHARE FOR EVERY 5 (FIVE) FULLY PAID-UP EQUITY SHARE HELD BY THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON FRIDAY, AUGUST 09, 2024 (THE "ISSUE"). THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS 6.25 (SIX POINT TWO FIVE) TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" ON PAGE 226 OF THE LETTER OF OFFER.**

The Board of Directors of Swiss Military Consumer Goods Limited wishes to thank all its shareholders and investors for their response to the Company's Rights Issue of Equity Shares, which opened for subscription on Friday, August 23, 2024 and closed for subscription on Friday, September 06, 2024 and the last date for on-market renunciation of Rights Entitlements was Tuesday, September 03, 2024.

Out of a total of 11,339 (Eleven Thousand Three Hundred and Thirty Nine) CAFs (including 11,338 (Eleven Thousand Three Hundred and Thirty Eight) ASBA Applications, 1 (One) Application for adjustment of unsecured loan) received, 2,872 (Two Thousand Eight Hundred Seventy Two) CAFs (including 45 (Forty Five) ASBA applications) were rejected on technical grounds. The total number of valid Composite Application Forms ("CAFs") received were 8,467 (Eight Thousand Four Hundred and Sixty Seven) for 8,29,05,905( Eight Crore Twenty Nine Lakhs Five Thousand Nine Hundred and Five) Rights Equity Shares, which is 211 % (Two Hundred and Eleven Percent) of the total Issue size. The Basis of Allotment was approved by BSE Limited ("BSE"), the Designated Stock Exchange on September 18, 2024. Pursuant to the approval, the Rights issue Committee of Board of Directors of the Company have in their meeting held on September 18, 2024 allotted 3,93,18,798 (Three Crore Ninety Three Lakhs Eighteen Thousand Seven Hundred And Ninety Eight Only) Equity Shares. All the valid applications including Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") have been considered for allotment.

1. Information regarding total Applications received and allotted (including ASBA applications):

| Category | No. of valid CAFs Received | | Equity Shares applied for | | | Equity Shares allotted | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Number | % | Number | Value (Rs.) | % | Number | Value (Rs.) | % |
| Eligible Equity Shareholders | 8,441 | 74.44 | 7,11,12,384 | 88,89,04,800 | 81.92 | 2,92,51,023 | 36,56,37,788 | 74.39 |
| Renouncees | 2,898 | 25.56 | 1,56,91,678 | 19,61,45,975 | 18.08 | 1,00,67,775 | 12,58,47,188 | 25.61 |
| Total | 11,339 | 100.00 | 8,68,04,062 | 1,08,50,50,775 | 100.00 | 3,93,18,798 | 49,14,84,975 | 100.00 |

2. The break-up of Applications (including ASBA applications) after technical rejections is given below:

| Category | CAFs received | No. of Equity applied for | No. of Equity Shares allotted under Rights Entitlement (A) | No. of additional Equity Shares allotted (B) | Total Shares (A+B) |
|---|---|---|---|---|---|
| Eligible Equity Shareholders | 8,098 | 7,03,28,711 | 2,46,54,048 | 45,96,975 | 2,92,51,023 |
| Renouncees | 369 | 1,25,77,194 | 1,00,67,775 | - | 1,00,67,775 |
| Total | 8,467 | 8,29,05,905 | 3,47,21,823 | 45,96,975 | 3,93,18,798 |

The intimation/refund/rejection cases: The dispatch of allotment advice cum refund intimation and intimation for rejection, as applicable to the investors has been completed on Thursday , September 19, 2024 The Instruction to SCSBs for unblocking of funds in case of ASBA applicants were given on Thursday, September 19, 2024. The listing application filed by the Company has been approved by BSE Limited ("BSE") vide their letter no. LOD/RIGHT/AM/FIP/951/2024-25 dated Thursday, September 19, 2024. The Company has made application to BSE Limited seeking permission for trading of 3,93,18,798 (Three Crore Ninety Three Lakhs Eighteen Thousand Seven Hundred And Ninety Eight Only) fully paid-up equity shares issued on Rights Basis.

Credit of Equity Shares to the respective demat accounts of the shareholders in respect of allotment in dematerialized form has been completed on Friday, September 20, 2024.

For further details, see "Terms of the Issue" on page 226 of the LoF. The Equity Shares allotted in the issue will commence trading on BSE on or before Tuesday September 24, 2024.

**INVESTORS MAY PLEASE NOTE THAT EQUITY SHARES ISSUED PURSUANT TO THIS RIGHTS ISSUE SHALL HAVE THE SAME ISIN (I.E. INE010C01025) AS THE EXISTING LISTED EQUITY SHARES. INVESTORS ARE FURTHER ADVISED TO NOTE THAT THOUGH THESE EQUITY SHARES MAY GET CREDITED TO THEIR RESPECTIVE DEPOSITORY ACCOUNTS, THEY SHOULD TRADE IN SUCH EQUITY SHARES ONLY AFTER ASCERTAINING THAT TRADING APPROVALS HAVE BEEN ISSUED AND NOTIFIED BY BSE LIMITED. THIS INFORMATION WOULD ALSO BE POSTED ON THE WEBSITE OF THE BSE LIMITED. INVESTORS MAY PLEASE NOTE THAT THE RIGHTS EQUITY SHARES CAN BE TRADED ON THE STOCK EXCHANGE ON IN DEMATERIALISED FORM.**

This announcement is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States (including its territories and possessions). This announcement does not constitute or form part of any offer or solicitation to purchase or subscribe for securities in the United States. The rights and shares mentioned herein have not been, and will not be, registered under the United States Securities Act of 1933 (the "Securities Act"). The rights and shares may not be offered or sold in the United States except pursuant to an exemption from the registration requirement of the Securities Act. There is no public offer of rights or shares in the United States.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA ("SEBI"):** It is to be distinctly understood that the submission of the Letter of Offer to SEBI should not in any way be deemed or construed that the same has been cleared or approved by SEBI. Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the "Disclaimer Clause of SEBI" on page 221 of the Letter of Offer.

**DISCLAIMER CLAUSE OF BSE (Designated Stock Exchange):** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE should not in any way be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by BSE, nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the "Disclaimer Clause of the BSE" on page 221 of the Letter of Offer.

All capitalized terms used but not defined herein shall have the meanings assigned to them in the Letter of Offer dated July 25, 2024. Any correspondence in respect of allotment of Rights Equity Shares pertaining to the Issue may be addressed to the Registrar to the Issue at the address mentioned below.

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| TURNAROUND<br>**Turnaround Corporate Advisors Private Limited**<br>**CIN:** U74140DL2015PTC278474<br>614, Vishwadeep Building, Plot No. 4, District Centre, Janakpuri, New Delhi- 110058<br>**Tel:** +91-11-45510390;<br>**E-mail:** info@tcagroup.in;<br>**Investor Grievance Email:** complaints@tcagroup.in<br>**Website:** www.tcagroup.in<br>**Contact Person: Mr. Sachin Mishra**<br>**SEBI Registration No.:** MB/INM000012290 | Health & Wealth We Manage Both<br>**Alankit Assignments Limited**<br>**CIN:** U74210DL1991PLC042569<br>4E/21, Alankit House, Jhandewalan Extension, New Delhi - 110055<br>**Tel:**+91-11- 42541966;<br>**E-mail:** abhinavka@alankit.com<br>**Investor Grievance Email:** smcgrights@alankit.com<br>**Website:** www.alankit.com<br>**Contact Person:** Mr. Abhinav Kumar Agrawal<br>**SEBI Registration No.:**INR000002532 | SWISS MILITARY<br>**Swiss Military Consumer Goods Limited**<br>**CIN:** L51100DL1989PLC034797<br>**Address:** W-39, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi 110020;<br>**Tel:** +91-11- 41067060;<br>**Email:** cs@swissmilitaryshop.com<br>**Website:** www.swissmilitaryshop.com<br>**Contact Person: Mr. Vikas Jain (Company Secretary and Compliance Officer)** |

Investors may contact the Registrar to the Issue or Company Secretary and Compliance Officer for any pre Issue/post-Issue related matters such as non-receipt of letter of Allotment, credit of Rights Equity Shares or Refund Orders and such other matters. All the grievances relating to the ASBA Process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSBs (in case of ASBA Process), giving full details such as name and address of the applicant, contact numbers, e-mail address of the sole/first holder, folio no. or demat account number, the number of rights equity shares applied for, amount blocked (in case of ASBA Process), ASBA account number and the designated branch of the SCSBs where the application form or the plain paper advertisement, as the case may be, was submitted by the investor along with a photocopy of the acknowledgement slip (in case of ASBA Process),. For details on the ASBA Process see "Terms of the Issue" on page 226 of the LoF.

**For SWISS MILITARY CONSUMER GOODS LIMITED**
**Sd/-**
**(VIKAS JAIN)**
**Company Secretary and Compliance officer**

**Date: September 22, 2024**
**Place: New Delhi**

# वेनेजुएला से तेल का जुगाड़

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 22 सितंबर

**भारत** के सार्वजनिक क्षेत्र के तेलशोधक अमेरिका से प्रतिबंधों में ढील मिलने का इंतजार कर रहे हैं, जिससे वेनेजुएला से तेल खरीदा जा सके, वहीं उन्होंने 'सेकंड ऑर्डर ट्रांजैक्शन' से तेल खरीदना शुरू कर दिया है, जिन्हें पहले से ही छूट मिली हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

**वेनेजुएला से फिर होगा कच्चे तेल का आयात**

| वित्त वर्ष | राशि* |
|---|---|
| 2019-20 | 602.94 |
| 2020-21 | 64.378 |
| 2021-22 | 0 |
| 2022-23 | 0 |
| 2023-24 | 80.247 |
| 2024-25** | 62.6 |

*करोड़ डॉलर में
** अप्रैल से जून के दौरान
स्रोतः वाणिज्य मंत्रालय




प्रतिबंध से प्रभावित देशों से सीधे कच्चा तेल खरीदने से भारत अभी बच रहा है, वहीं तीसरे पक्ष के माध्यम से खरीदने की अनुमति है। मीडिया में आई खबरों में जुलाई में कहा गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने दक्षिण अमेरिका के देशों से तेल आयात करने के लिए अमेरिकी प्राधिकारियों से मंजूरी ले ली है। बहरहाल सूत्रों ने कहा कि कंपनी ने सिर्फ हाल में ही वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदना शुरू किया है, और संकेत दिया है कि भारतीय रिफाइनर अन्य वैश्विक विक्रेताओं से कॉर्गो खरीद रहे हैं। बहरहाल वाणिज्य विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि वेनेजुएला वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत के लिए कच्चे तेल का 9वां बड़ा स्रोत बन गया है, जहां से 62.6 करोड़ डॉलर का कच्चा तेल आया है। वित्त वर्ष 2024 के 12 महीनों में वेनेजुएला 16वां बड़ा स्रोत था, जिसने 80.2 करोड़ डॉलर का कच्चा तेल भेजा। मासिक आधार पर देखें तो लंबे अंतराल के बाद वहां से आयात दिसंबर 2023 में शुरू हुआ। मार्च 2024 में यह 38.3 करोड़ डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

सार्वजनिक क्षेत्र के तेलशोधक इस उम्मीद में हैं कि ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) को अमेरिकी विदेश विभाग विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से छूट मिल जाएगी और उसे प्रतिबंधों से मुक्ति मिलेगी। ऐसा होने पर ओवीएल, अमेरिकी इकाइयों व डॉलर का उपयोग कर वेनेजुएला में काम कर सकेगी। सरकारी अन्वेषण और उत्पादन कंपनी ओएनजीसी की विदेश इकाई का इस समय 60 करोड़ डॉलर का लाभांश स्थानीय संपत्तियों में फंसा हुआ है।

ओवीएल ने वेनेजुएला में सैन क्रिटोबाल फील्ड में 2008 में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी ली थी, जिसमें शेष हिस्सेदारी वेनेजुएला की सरकारी कंपनी पीडीवीएसए होल्डिंग की है। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा, 'एक बार अगर ओवीएल को छूट मिल जाती है तो उससे सरकारी रिफाइनरों को कच्चा तेल मिलने लगेगा।'

**गंदा, लेकिन छूट पर**

उन्होंने जोर दिया कि वेनेजुएला के कच्चे तेल, जिसे 'गंदा' या निम्न श्रेणी का कच्चा तेल माना जाता है, के प्रति भारत की रुचि सीमित बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'भारत की कुछ रिफाइनरी ही वेनेजुएला के अलग ग्रेड के तेल का प्रसंस्करण कर सकती हैं। यह आमतौर पर भारी और विस्कस होता है, जिसमें सल्फर की मात्रा अधिक होती है। अकेले यह बहुत कम इस्तेमाल होता है और ज्यादातर इसे मिलाकर ही प्रयोग करते हैं।'

उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि सरकारी कंपनी आईओसीएल की ओडिशा स्थित पारादीप रिफाइनरी में इस तरह की सुविधा है और संभवतः उसे तेल के कुछ कार्गो मिले होंगे।

हालांकि भारत के रिफाइनर छूट मिलने के कारण वेनेजुएला का कच्चा तेल आजमाने के इच्छुक हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान विदेशी मुद्रा हासिल करने की जरूरत को देखते हुए यह पर्याप्त रहा है। अगस्त 2024 में वेनेजुएला के तेल की कीमत औसतन 62.15 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इसके पहले महीने के 67.61 डॉलर प्रति बैरल से कम है।

निकोलस माजुरो की समाजवादी सरकार की सत्ता में वापसी के बाद अमेरिका ने 2018 में वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन छूटों में अक्टूबर 2023 में ढील दी गई, लेकिन इस साल अप्रैल में फिर प्रतिबंध लगा दिया गया। बहरहाल अमेरिकी विदेश विभाग ने अमेरिका की कंपनियों को अपवादस्वरूप वेनेजुएला में कामकाज जारी रखने का प्रावधान कर रखा है।

## पंजाब ऐंड सिंध बैंक जुटाएगा धन

अभिजित लेले
मुंबई, 22 सितंबर

**सार्वजनिक** क्षेत्र का ऋणदाता पंजाब ऐंड सिंध बैंक इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। बैंक जमा के क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में बैंक इस लागत किफायती साधन से राशि जुटाएगा।

बैंक, विशेष तौर पर सरकारी बैंक इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिये सक्रिय रूप से राशि जुटा रहे हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने जून और जुलाई में दो चरणों के दौरान 15 वर्षीय इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। केनरा बैंक ने 7.4 फीसदी की दर से 10 वर्षीय बॉन्ड जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# महत्त्वपूर्ण खनिजों की नीलामी सुस्त

नितिन कुमार
नई दिल्ली, 22 सितंबर

**निराशाजनक**

- भविष्य के दौर के लिए खाका बना रही है केंद्र सरकार, उद्योग चाहता है और मदद
- 38 ब्लॉकों की नीलामी की गई है लेकिन 14 ब्लॉक के ही बोलीदाता मिले हैं
- पहले दौर की नीलामी में 38 ब्लॉक में से 7 ब्लॉक - 18 फीसदी के लिए कोई बोलीदाता नहीं मिला

**भारत** ने बीते साल जून में 29 महत्त्वपूर्ण खनिजों की खोज व खनन पहली बार निजी क्षेत्र के लिए खोला था। इसके बाद महत्त्वपूर्ण खनिज के 38 ब्लॉकों की नीलामी की गई है लेकिन इसमें से केवल 14 ब्लॉक यानी 37 फीसदी से कम को ही बोलीदाता मिले हैं।

पहले दौर की नीलामी न्यूनतम आवश्यक बोलीकर्ताओं को आकर्षित करने में विफल होने के कारण असफल रही थी। इसके बाद केंद्र ने दूसरे दौर की नीलामी की थी और इसमें भी मामूली सफलता मिल पाई। खनिज (नीलामी) संशोधन नियम, 2024 के तहत सरकार तकनीकी रूप से सफल बोलीदाताओं की भागीदारी तीन से कम होने की स्थिति में पहले दौर की नीलामी निरस्त कर सकती है। जिन ब्लॉक के लिए कोई बोलीदाता नहीं मिला, उनके लिए नए सिरे से नीलामी की शुरुआत की गई। हालांकि यदि किसी ब्लॉक के लिए एक या दो बोलीदाता ही जुटते हैं तो दूसरे दौर की नीलामी होती है। ऐसे में अन्य किसी बोलीदाता के नहीं आने की स्थिति में एकल बोलीदाता को ही ठेका मिल जाता है। सरकार ने पहले दौर में सीमित रुचि होने के कारण मार्च 2024 में सात ब्लॉक की फिर नीलामी की थी लेकिन इस नीलामी शुरुआती बोलीदाता भी नहीं आए। इसमें तीन ब्लॉक के लिए कोई बोली नहीं लगाई गई। पहले दौर की नीलामी में 38 ब्लॉक में से 7 ब्लॉक - 18 फीसदी के लिए कोई बोलीदाता नहीं मिला। लिहाजा नीलामी निरस्त कर दी गई।

**उद्योग जगत की कम रुचि**

उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार भंडार के अस्पष्ट आंकड़े और कमजोर नीतिगत मदद के कारण रुचि कम दिखी है। इससे यह चिंताएं बढ़ने लगी हैं कि भारत की महत्त्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भरता पर जोखिम है।

# ईपीएफओ व ई-श्रम के आंकड़े जुड़ेंगे

शिवा राजौरा
नई दिल्ली, 22 सितंबर

**केंद्रीय** श्रम मंत्रालय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों और ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों के एकीकरण के लिए तैयार है। अधिकारी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि इसका उद्देश्य देश में कार्यबल के औपचारीकरण रुझान को मापना व आकलन करना है।

अधिकारी ने बताया, 'इन दो आंकड़ों के एकीकरण से वास्तविक समय के आधार पर असंगठित और संगठित क्षेत्र में श्रमिकों की परस्पर आवाजाही पर नजर रखने में मदद मिलेगी। इससे श्रमिकों के कल्याण के लिए लक्षित कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा सकेंगी।' फिलहाल श्रम मंत्रालय 30 करोड़ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के ई-श्रम के मजबूत आंकड़ों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ रहा है। इसे सामाजिक सुरक्षा के उपायों पहुंच के लिए तक सिंगल विंडो या वन स्टॉप सोल्यूशन की तरह विकसित करने का लक्ष्य है।

अधिकारी ने बताया, 'देश के करोड़ों श्रमिकों के लिए ई-श्रम को सहजता से पहुंचने लायक एकल खिड़की जैसा विकसित करने का इरादा है। हम इससे सभी कल्याण योजनाओं को जोड़ने का प्रयास करेंगे। अगले चरण में औपचारीकरण के पैमाने का वास्तविक समय के आधार पर आंकड़ा एकत्रित किया जाएगा। यदि कोई श्रमिक ई-श्रम पर पंजीकृत है और उसका ईपीएफओ का विशिष्ट खाता नंबर (यूएएन) भी है तो वह दिखाई देगा और इसे औपचारीकरण के रूप में माना जाएगा।'

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बीते सप्ताह संवाददाताओं को बताया था कि मंत्रालय ने केंद्रीय सरकार की 10 योजनाओं को सफलतापूर्वक ई-श्रम डेटाबेस से जोड़ दिया है। इस कार्य को नई सरकार के पहले 100 दिन के भीतर पूरा किया गया है।

पोर्टल से जोड़ी गई 10 योजनाएं हैं - राशन कार्ड, पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि , महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), पीएमएमवाई-शहरी, नैशनल करियर सर्विस पोर्टल, पीएम श्रम योगी मानधन, राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, पीएम मत्स्य संपदा योजना और स्किल इंडिया डिजिटल हब।

मंत्रालय असंगठित क्षेत्र के और 20 करोड़ श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल में शामिल कर इस केंद्रीय आंकड़े को बढ़ाने की प्रक्रिया में है। अनुमानों के अनुसार देश में कुल श्रमबल करीब 65 करोड़ है और इसमें से अभी 10 करोड़ संगठित क्षेत्र में है। ई-श्रम का आंकड़ा करीब 50 करोड़ लोगों के आंकड़े पर स्थिर होने का अनुमान है।

## अक्टूबर से बजट बनना शुरू होगा

**वित्त** मंत्रालय अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट तैयार करने की कवायद शुरू करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगातार चार वित्त वर्षों में सात प्रतिशत या अधिक की वृद्धि दर्ज की है। अगले वित्त वर्ष का बजट, वृद्धि की गति को और तेज करने के सुधारों, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ाने के उपायों पर केंद्रित होगा। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी बजट परिपत्र 2025-26 में कहा गया, 'सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें अक्टूबर, 2024 के दूसरे सप्ताह में शुरू होंगी। *भाषा*

## बीएस सूडोकू 5084

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | 4 | 2 | 1 |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 3 | | 1 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 4 | | | | 7 | 9 | | |
| | 9 | | | | 3 | | | |
| | | 2 | | 9 | 1 | | | 3 |
| | 8 | 6 | | | | | 4 | |
| | 1 | | 4 | | 5 | | | |

**परिणाम संख्या 5083**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 7 | 5 | 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 5 |

**कैसे खेलें?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**मुश्किल** ★★★★☆

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।